न्यूज़लेटर

1 से 15 जनवरी, 2025

राहुल गाँधी ने दिल्ली में चुनाव प्रचार का आगाज़ किया

13 जनवरी को राहुल गाँधी ने सीलमपुर में दिल्ली चुनाव अभियान की शुरुआत करते हुए एक रैली की।

पूरा भाषण यहां देखें

"नरेंद्र मोदी और अरविंद केजरीवाल दोनों नहीं चाहते कि दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों को उनका हक़ मिले। सिर्फ कांग्रेस ही समान भागीदारी और संविधान की रक्षा के लिए लगातार आवाज़ उठा रही है। आप सभी दिल्लीवासी इस फर्क को समझिए!"

- राहुल गाँधी

#साफकरोदिल्ली

दिल्ली के एक मोहल्ले में घूमते हुए, राहुल गाँधी ने अरविंद केजरीवाल के समय में दिल्ली के विकास पर सवाल उठाए।

वीडियो यहाँ देखें।

भाजपा एकलव्य की तरह युवाओं का अंगूठा काट रही है

मेरे विचार

जैसे एकलव्य का भविष्य और हुनर खत्म कर दिया गया था, वैसे ही भाजपा आज भारत के युवाओं के साथ कर रही है। आज सरकारी भर्तियां एक घोटाले में बदल गई हैं, जहां पहले तो भर्ती नहीं निकलती, भर्ती निकल जाए तो परीक्षा समय पर नहीं होती, परीक्षा हो तो पेपर लीक करवा दिए जाते हैं। जब उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश में युवा न्याय मांगते हैं तो उन पर लाठीचार्ज करवा दिया जाता है और उनकी आवाज़ सुनने की बजाय उसे बेरहमी से कुचल दिया जाता है। मैं छात्रों के अधिकारों की लड़ाई में उनके साथ खड़ा हूं।

पूरा ट्वीट यहां पढ़ें

BPSC पेपर लीक के बारे में पिछला ट्वीट भी पढ़ें।

फोकस इवेंट

शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन

पूरी बातचीत यहां देखें

राहुल गाँधी ने IIT मद्रास के छात्रों के साथ बातचीत की और बताया कि शिक्षा प्रणाली में सुधार के लिए वो क्या-क्या बदलाव करना चाहते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सभी को अच्छी शिक्षा मिलनी चाहिए, यह केवल प्राइवेट स्कूलों तक ही सीमित नही होनी चाहिए। राहुल गांधी ने कहा कि सरकार को शिक्षा पर अधिक पैसे खर्च करने चाहिए और शिक्षा व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए जो छात्रों को नई-नई चीजें सीखने, सवालों को पूछने का अवसर दे।

झलकियाँ

इंदिरा भवन

कांग्रेस के नए मुख्यालय का उद्घाटन समारोह

राहुल गाँधी ने वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ नई दिल्ली में नए कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन के उद्घाटन समारोह में भाग लिया। इंदिरा भवन कांग्रेस पार्टी की दूरदर्शी सोच को दर्शाता है, साथ ही यह पार्टी के समृद्ध इतिहास और मूल्यों का उत्सव भी मनाता है, जिन्होंने भारत के राजनीतिक और सामाजिक परिदृश्य को नया आकार दिया।

उद्घाटन का वीडियो देखने के लिए यहां क्लिक करें

प्रतिष्ठित मिल्कशेक ब्रांड केवेंटर्स के को-फाउंडर्स के साथ मुलाकात

दिल्ली के रिठाला में मकर संक्रांति मनाते हुए

CLICK TO SUBSCRIBE TO THIS NEWSLETTER